अमर उजाला 17/05/2023

# सर्वे से जुटाई गांव के युवाओं की जानकारी



**अंबाला।** कैंट गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के स्वयंसेवकों ने मंगलवार को गांव खुड्डा कलां में युवाओं के संबंध में सर्वे गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने गांव के 15 वर्ष से लेकर 29 वर्ष तक के लोगों संबंधी जानकारी जुटाई। स्वयंसेवकों ने यह पता लगाया कि कितने लोग ऐसे हैं जिन्होंने न तो प्रारंभिक शिक्षा ली और न ही किसी नियमित रूप से किसी रोजगार में लगे हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धर्मवीर सैनी ने बताया कि विद्यार्थियों ने बड़ी तन्मयता के साथ सर्वे में भाग लिया। डॉ. सरोज बाला ने बताया कि ये सर्वे भारत सरकार को सत्य आंकड़े प्रस्तुत करने में मदद करेगी। डॉ. अनीश ने बताया कि इस प्रकार के सर्वे विद्यार्थियों को सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। संवाद